1977-78 crop year is estimated to be about 89 million tonnes raw value. India's production, on this basis, is estimated at 5.64 million tonnes accounting for 6.3 per cent of world production.

### Sanction for Fish Seed Farm in Orissa

4453. SHRI JENA BAIRAGI: Will the Minister of AGRICULTURE AND IRRIGATION be pleased to state:

(a) how many Fish Seed Farms are there in Orissa and the area covered in hectares under nursery area;

(b) whether all the Fish Seed Farms, out of those are functioning;

(c) if not, whether Government of India has sanctioned any suitable amount for the improvement of unused nursery or not; and

(d) if not, when Government of India are going to sanction the amount?

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND IRRIGATION (SHRI SURJIT SINGH BARNALA): (a) There are 93 fish seed farms covering 95 hectares of nursery area.

(b) Out of 93, 13 are not functioning as ponds are not found suitable.

(c) There is no Centrally Sponsored Scheme for improvement of unused seed farms since the entire programme is covered under the State Plan.

(d) Does not arise.

### अधिकारियों के विदेशी दौरे

4454. **श्री दौलत राम सारण** : क्या **कृषि और सिंचाई मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मंत्रालय के कौन-कौन अधिकारी गत आठ माह में किस प्रयोजन से विदेश यात्रा पर गये और किस-किस देश को गये;

(ख) क्या विभागीय अधिकारियों की विदेश यात्राओं के बारे में कोई प्रक्रिया अथवा नियम है; और

(ग) उक्त दौरों पर कितना व्यय हुआ ?

**कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला)** : (क) से (ग). जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

### भारतीय खाद्य निगम को हिन्दी में प्राप्त पत्र

4455. **श्री राम नरेश कुशवाहा** क्या **कृषि और सिंचाई मंत्री** यह बताने कृपा करेंगे कि :

(क) खाद्य विभाग के अन्तर्गत भारतीय खाद्य निगम के मुख्यालय में तथा हिन्दी भाषी राज्यों में स्थित इसके क्षेत्रीय/जोनल कार्यालयों में वर्ष 1976-77 के दौरान क्रमशः हिन्दी और अंग्रेजी में कितने पत्र आये और उनमें से कितने पत्रों के उत्तर केवल अंग्रेजी में या हिन्दी में दिये गये;

(ख) क्या भारतीय खाद्य निगम के कार्यालयों में हिन्दी में पत्राचार का कार्य शिथिल है तथा उनमें राजभाषा अधिनियम के उपबन्धों का पूरी तरह से पालन नहीं हो रहा है; और

(ग) यदि हां, तो राजभाषा हिन्दी के प्रति ऐसी उपेक्षा समाप्त करने तथा उपयुक्त संख्या में हिन्दी अनुभाग खोलने के बारे में की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है ?

**कृषि और सिंचाई मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री भानु प्रताप सिंह)** : (क) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा के पटल पर रख दी जायेगी।

(ख) निगम के सभी कार्यालयों में राजभाषा अधिनियम के उपबंधों को अभी पूर्णतया लागू करना संभव नहीं हो पाया है।